# सांवरिया प्यार हमारा है | By Rahul Sanwara

कहते हैं हक़ से अधिकार हमारा है
खाटूवाला सांवरिया ही प्यार हमारा हैं

सामने कहते हैं सबके, खुल के इज़हार करते हैं
श्याम ही ज़िन्दगी मेरी, श्याम से प्यार करते हैं
श्याम बिना जीना बेकार हमारा है
खाटूवाला सांवरिया ही प्यार हमारा हैं
कहते हैं हक़ से...............

श्याम के प्यार में पागल देखते रहते हैं तस्वीर
सोच के ही खुश होते हैं, कभी तो जागेगी तक़दीर
होगा मिलन ज़रूर ऐतबार हमारा है
खाटूवाला सांवरिया ही प्यार हमारा हैं
कहते हैं हक़ से...............

ज़माना छूटे भी तो क्या, ये रिश्ते टूटे भी तो क्या
ये नैया डूबे भी तो क्या, के किस्मत रूठे भी तो क्या
श्याम से ही अब तो संसार हमारा है
खाटूवाला सांवरिया ही प्यार हमारा हैं
कहते हैं हक़ से...............

बड़ा अनमोल है मोहित हमारा श्याम से बंधन
लगे हैं बिलकुल वैसे ही, के जैसे पानी और चन्दन
दिल की धड़कन ये दिलदार हमारा है
खाटूवाला सांवरिया ही प्यार हमारा हैं
कहते हैं हक़ से...............

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%b8%e0%a4%be%e0%a4%82%e0%a4%b5%e0%a4%b0%e0%a4%bf%e0%a4%af%e0%a4%be-%e0%a4%aa%e0%a5%8d%e0%a4%af%e0%a4%be%e0%a4%b0-%e0%a4%b9%e0%a4%ae%e0%a4%be%e0%a4%b0%e0%a4%be-%e0%a4%b9%e0%a5%88-by-rahul-sanwa/